# ससून हॉस्पिटल में अत्याधुनिक एनआईसीयू शुरु

## पालक मंत्री गिरीश बापट व मेडिकल शिक्षा मंत्री गिरीश महाजन ने किया उद्घाटन



ससून हॉस्पिटल में फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज, मुकुल माधव फाउंडेशन व श्रीमंत दगडूसेठ हलवाई गणपति मंदिर ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित एनआईसीयू का उद्घाटन करते हुए पालकमंत्री गिरीश बापट व मेडिकल शिक्षा मंत्री गिरीश महाजन. इस अवसर पर सामाजिक न्याय राज्यमंत्री दिलीप कांबले, सांसद अनिल शिरोले, महापौर मुक्ता तिलक, दगडूसेठ ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक गोडसे आदि उपस्थित थे.

■ **दगडूसेठ ट्रस्ट ने 10 हजार वर्गफीट के क्षेत्र में एनआईसीयू का निर्माण कराया : फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज व एमएमएफ ने बेड, मॉनिटर व अन्य उपकरणों को उपलब्ध करके निर्माण में भी सहयोग दिया**

पुणे, 16 अप्रैल (आ.प्र.)

फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड, इसके सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) साझीदार मुकुल माधव फाउंडेशन (एमएमएफ) और श्रीमंत दगडूसेठ हलवाई गणपति मंदिर ट्रस्ट द्वारा रविवार को संयुक्त रूप से बी.जे. गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज और ससून जनरल हॉस्पिटल में 59 बेड वाले अत्याधुनिक नियोनैटल आईसीयू का शुभारंभ किया गया. यह इकाई (यूनिट) फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज व दगडूसेठ ट्रस्ट द्वारा प्रायोजित है. पालक मंत्री गिरीश बापट व मेडिकल शिक्षा मंत्री गिरीश महाजन ने संयुक्त रूप से इस सेवा का उद्घाटन किया. इस अवसर पर महापौर मुक्ता तिलक सहित विभिन्न हस्तियां उपस्थित थीं.

यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार दगडूसेठ ट्रस्ट ने 10 हजार वर्गफीट के क्षेत्र में एनआईसीयू (Neonatal Intensive Care Unit) का निर्माण कराया है. फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज व एमएमएफ ने बेड, मॉनिटर व अन्य उपकरणों को उपलब्ध करने के अलावा निर्माण में भी आंशिक सहयोग दिया है. विभिन्न सुविधाओं से लैस इस एनआईसीयू में नवजात शिशुओं की विभिन्न समस्याओं जैसे प्रीटर्म, बर्थ एस्फिक्सिया आदि का इलाज होगा. इलाज की सुविधा सर्फेक्टैंट जैसी महंगी दवाइयों सहित निः शुल्क प्रदान की जाएगी. इसमें डॉक्टर्स व नर्सेस की प्रशिक्षित टीम उपलब्ध रहेगी.

इस अवसर पर दगडूसेठ ट्रस्ट के अशोक गोडसे ने कहा कि हमारी ओर से ससून हॉस्पिटल में निर्मित अत्याधुनिक किचन के जरिए मरीजों को प्रतिदिन दो बार निःशुल्क भोजन दिया जाता है. इसके अलावा मरीजों के रिश्तेदारों हेतु 5 गायने वार्ड व रेस्टरूम्स लोकार्पित किए हैं तथा दो एंबुलेंस भी प्रदान की गई हैं.

हॉस्पिटल के डीन डॉ. अजय चंदनवाले ने कहा कि हमारा लक्ष्य ससून हॉस्पिटल की सेवाओं को गुणवत्तायुक्त बनाना व कॉर्पोरेट हॉस्पिटलों की तरह मध्यमवर्गीय समाज को सेवा प्रदान करना है. एमएमएफ की मैनेजिंग ट्रस्टी रितु छाबरिया ने कहा कि यह केवल शुरुआत है. जनकल्याण व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभी बहुत कुछ करना बाकी है.

डॉ. प्रदीप सूर्यवंशी के सक्षम नेतृत्व में भारती विद्यापीठ और डॉ. उमेश वैद्य के अधीन पुणे शहर के प्रतिष्ठित एनआईसीयू में फैकल्टी सदस्यों को प्रशिक्षित व अपग्रेड करने का अवसर देने में एमएमएफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही.